गीता स्थली ज्योतिसर में 205 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा ज्योतिसर अनुभव केंद्र

चर्चा में क्यों?

31 जुलाई, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल गीता स्थली ज्योतिसर में निर्माणाधीन प्रोजेक्ट का निरीक्षण करते हुए कहा कि गीता स्थली ज्योतिसर में 205 करोड़ रुपए की लागत से महाभारत थीम पर आधारित ज्योतिसर अनुभव केंद्र का निर्माण किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- यह प्रोजेक्ट विश्व दर्शनीय होगा और दूर-दराज से विश्व के कोने-कोने से आने वाले पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनेगा।
- इस प्रोजेक्ट के लिये प्रदेश सरकार की तरफ से 205 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। इस बजट में से 30 करोड़ रुपए की राशि अभी तक खर्च की जा चुकी है। इस गीता स्थली ज्योतिसर में भारत सरकार की तरफ से जारी बजट में से 29 करोड़ रुपए का बजट भवन निर्माण कार्य में खर्च किया जा चुका है।
- ज्योतिसर अनुभव केंद्र में बनने वाले ए ब्लॉक के भवन में महाभारत के चरित्रों को दर्शाने, टिकिट काउंटर, ऑडियो गाईड, बी ब्लॉक के भवन में महाभारत के मुख्य कारणों पर प्रकाश डालती हुई झाँकियों जैसे द्रौपदी चीर हरण, लाक्षय गृह आदि शामिल हैं।
- इस प्रोजेक्ट में थ्री डी मैपिंग, होलोग्राफी सहित विभिन्न तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jyotisar-experience-center